(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) गाड़ी का ठीक समय पर आना सुनिश्चित करने के लिये क्या उपाय किये जा रहे हैं ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) जी नहीं। बम्बई वी० टी०—फिरोजपुर पंजाब मेल (37 अप) मई में 29 दिन और जून में 28 दिन समय पर फिरोजपुर पहुंची।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता।

Elections to State Assemblies

3193. SHRI BALASAHEB VIKHE PATIL: Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) the total number of cases of mishappenings and impersonation, separately State-wise as also the number of tendered votes and challenged votes separately, State-wise during the recent election to State Assemblies; and

(b) how do these figures compare with those of 1971 elections?

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI SHANTI BHUSHAN): (a) and (b). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

उर्वरक की प्रति क्विंटल उत्पादन लागत

3194. श्री रामधारी शास्त्री : क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न कारखानों द्वारा उत्पादित यूरिया तथा अन्य उर्वरकों की 31 मार्च, 1977 को प्रति क्विंटल उत्पादन लागत क्या थी तथा इस समय किसानों को उन्हें किस मूल्य पर दिया जाता है ; और

(ख) भारत में उर्वरकों का वार्षिक उत्पादन कितना है तथा इससे देश की कितनी आवश्यकता पूरी होती है ?

पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) सरकारी क्षेत्र कारखानों में यूरिया और फास्फेटिक उर्वरक की प्रति टन उत्पादन लागत एक संयंत्र से दूसरे संयंत्र में प्रयोग की गई संभरण सामग्री, अपनाई गई प्रक्रिया, संयंत्र की स्थिति, स्थान, उपयोगिताओं आदि की लागत जैसे पहलुओं पर आधारित होने के कारण भिन्न-भिन्न हैं।

तीन मुख्य नाइट्रोजनस उर्वरक अर्थात् यूरिया, कैल्शियम अमोनियम नीट्रेट और अमोनियम सल्फेट के फुटकर मूल्य सावधिक रूप से नियंत्रित हैं। इस समय उनके मूल्य इस प्रकार हैं :—

	रुपये प्रति मी० टन
यूरिया	1650
कैल्शियम अमोनियम	1015
अमोनियम सल्फेट	935 (50 कि. ग्रा. 925 (100 कि० ग्रा०)

फास्फेटिक उर्वरकों के मूल्य सांवधिक नियंत्रण के अन्तर्गत नहीं आते। तथापि, मार्च 1976 से प्रचलित मूल्य समर्थन योजना की शर्तों में कम्पलैक्स फास्फेटिक उर्वरकों की अधिकतम बिक्री मूल्य सरकार द्वारा निर्धारित किए गए हैं। अब विद्यमान मूल्य विवरण 1 में दिए गए हैं। विभिन्न संयंत्रों द्वारा निर्मित सिंगल सुपरफास्फेट के मूल्य, उस नियम, जिसका सरकार द्वारा अनुमोदन किया गया है, के अनुसार फर्टिलाइजर एसोशियेशन आफ इण्डिया द्वारा निर्धारित किए गए हैं।

(ख) पोटाश की सारी की सारी आवश्यकताएं आयात द्वारा पूरी की जाती हैं क्योंकि देश में पोटाश का उत्पादन नहीं होता है।

1975-76 और 1976-77 के दौरान नाइट्रोजन और फास्फेटिक उर्वरकों के उत्पादन और खपत के आंकड़े नीचे दिए गए हैं :—

(लाख मी० टनों में)

वर्ष	उत्पादन		खपत	
	नाइट्रोजन	फास्फेट	नाइट्रोजन	फास्फेट
1975-76	15.35	3.20	20.32	4.45
1976-77	19.00	4.80	24.77	6.70

1977-78 के दौरान नाइट्रोजन और फास्फेटिक उर्वरकों के उत्पादन का लक्ष्य क्रमश: 22 लाख मी० टन नाइट्रोजन और 7.2 लाख मी० टन फास्फेट है। 1977-78 के दौरान 31.30 लाख मी० टन नाइट्रोजन, 8.71 लाख मी० टन फास्फेट और 4.10 लाख मी० टन पोटाश की कृषि संबंधी आवश्यकताओं का अनुमान है।

देशी उपलब्धता और नाइट्रोजन और फास्फेटिक उर्वरकों की आवश्यकताओं के बीच में अन्तर को पूरा करके के लिए अपेक्षित आयात की व्यवस्थाएं की जाती हैं।

विवरण

कम्पनी का नाम	उत्पाद	8-2-77 से सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम मूल्य	निर्माताओं द्वारा अधिसूचित किया गया वास्तविक मूल्य
उर्वरक तथा रसायन ट्रावनकोर लिमिटेड	16:20:0	1860	1700
	20:20:0	2080	1845
इंडियन फरमार्ज फर्टिलाईज़र को-आपरेटिव लिमिटेड	10:26:26	2020	1990
	12:32:16	2220	2220
	22:22:11	2100	2100
	24:24:0	2080	2080
मद्रास फर्टिलाईज़र लिमिटेड	17:17:17	1810	1810
	14:28:14	2660	1950
	24:24:0	2100	2045
जुआरी एग्रो कैमिकल्ज़ लिमिटेड	28:28:0	2340	2340
	19:19:19	2020	2020
कारमेंडल फर्टिलाईजर लिमिटेड	28:28:0	2500	2340
	14:35:14	2230	2230
ई आई डी पेरी	16:20:0	1700	1700
	18:9:0	1320	1320
गुजरात स्टेट फर्टिलाईज़र कम्पनी लिमिटेड	19:5: 19:5:0	1820	1820
	18:46:0	2120*	2120*
फर्टिलाईज़र कारपोरेशन आफ इंडिया	15:15:15	1520	1520
	20:20:0	1880	1760

* 2210 गुजरात राज्य से बाहर ।